जयपुर मैटल्स, जयपुर

4251. श्री जगदीश प्रसाद माथुर : क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि जयपुर, मैटल्स, जयपुर की आर्थिक स्थिति बिगड़ रही है और वित्तीय संस्थाओं ने इसे कोई वित्तीय सहायता देना बन्द कर दिया है;

(ख) वित्तीय संस्थाओं द्वारा अब तक इस संस्था को कुल कितनी वित्तीय सहायता दी गई है ;

(ग) क्या यह सच है कि केन्द्र सरकार ने उक्त संस्था के मामलों की जांच के लिये सरकार के किसी अधिकारी की नियुक्ति की है, यदि हां, तो क्या उसने अपना प्रतिवेदन दे दिया है; और

(घ) क्या यह सच है कि राज्य सरकार ने भी इस संस्था को सरकारी संस्था घोषित करने की सिफारिश की है ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती आभा मयती): (क), (ग) और (घ). सरकार को यह जानकारी मिली थी कि बैंक एवं वित्तीय संस्थान मैसर्स जयपुर मेटल्स एण्ड इलेक्ट्रीकल्स लिमिटेड के प्रबंध का पुनर्गठन हुए बिना उसे वित्त सहायता नहीं देंगे । इस औद्योगिक उपक्रम की उत्पादन मात्रा में भी काफी गिरावट आई थी। अतः सरकार ने उद्योग (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1951 की धारा –15 के अधीन तकनीकी विकास के महानिदेशालय के उप-महानिदेशक श्री के. एन. रामास्वामी की अध्यक्षता में एक जांच-दल नियुक्त किया था। जांच दल की रिपोर्ट प्राप्त हो गई है तथा उसे राज्य सरकार को उनकी टिप्पणियों के लिए भेज दिया गया है । राज्य सरकार की टिप्पणियां प्राप्त न होने के कारण अभी तक जांच-दल की रिपोर्ट पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है ।

(ख) सरकार को जानकारी मिली है कि बैंकों एवं वित्तीय-संस्थाओं द्वारा दिए गए जमानत-शुदा ऋणों में से 31–3–1977 को उन्हें 217.15 लाख रुपए की राशि देय थी ।

सशस्त्र सेनाओं में भर्ती और प्रशिक्षण का तरीका

4252. चौधरी राम गोपाल सिंह : क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच नहीं है, कि सशस्त्र सेनाओं में विशेषकर अधिकारियों की भर्ती और प्रशिक्षण के मामले में अब भी रहन-सहन और भोजन आदि के बारे में नगरीय तथा अंग्रेजी अर्थात् पाश्चात्य तरीकों पर बल दिया जाता है ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) सेना में भर्ती और प्रशिक्षण के तरीकों का भारतीय-करण करने के लिये क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

रक्षा मंत्री (श्री जगजीवन राम) : (क) यह सच नहीं है कि सशस्त्र सेनाओं में भर्ती तथा प्रशिक्षण के लिए शहरी और अंग्रेजी रहन-सहन के तरीकों पर बल दिया जाता है । इसके लिए शारीरिक स्वास्थ्य अनुशासन और व्यावसायिक दक्षता पर जोर दिया जाता है ।

(ख) और (ग). प्रश्न नहीं उठते ।

Illegal Coal Miners

4253. SHRI MUKUNDA MONDAL: Will the Minister of ENERGY be pleased to state:

(a) the number of illegal coal miners functioning throughout the country;

(b) steps taken or proposed to be taken by Government against these coal miners; and

(c) the reaction of the Central Government in regard to the strong attitude of the Bihar Government against the illegal coal miners?